प्रादेशिक समाचार

06.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केन्द्र सरकार ने राज्यों को घरेलू और वाणिज्यिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्शनों को सुगम बनाने की सलाह दी है। राज्यों को निर्देश दिया गया कि वे विशेष रूप से घरेलू और आवश्यक जरूरतों के लिए एलपीजी वितरण को प्राथमिकता दें, साथ ही जमाखोरी, हेराफेरी और गलत सूचना पर निगरानी रखें।

****

भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा ने ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ईरान ने अमरीका और इस्राएल के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद यह जलडमरुमध्य बंद कर दिया था। यह मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे कुल वैश्विक पैट्रोलियम व्यापार का 20 प्रतिशत परिचालित होता है। जोखिमों के बावजूद, भारतीय जहाजों की गतिविधि सुरक्षित बनी हुई है।

****

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त कानून हैं। उन्होंने प्रत्येक महिला को कानून के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करने की सलाह दी। नई दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित महिला केंद्रित मुद्दों और सशक्तिकरण पहल पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए, उन्होंने लैंगिक संवेदनशीलता की आवश्यकता पर बल दिया।

****

रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक इस्पात प्लांट में फर्नेस ब्लास्ट होने से वहां काम कर रहे नौ मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सात मजदूरों को इलाज के लिए रांची भेजा गया है। रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

****

राँची और धनबाद कोर्ट को उड़ाने की फिर धमकी मिली है। ,राँची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस की टीम कोर्ट परिसर की जांच में जुट गई है।

****

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। अपने वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट की घटना में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान की पहचान अनुज कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची भेजे जाने की सूचना मिली है।

****

झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सात सक्रिय नक्सलियों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी है।इनमें चार महिला नक्सली और एक करोड़ रुपये का इनामी उग्रवादी भी शामिल है। एनआईए द्वारा भेजे गए पत्र में जिन नक्सलियों की जानकारी मांगी गई है, उनमें एक करोड़ का इनामी अनमोल भी शामिल है।

****

कोडरमा जिला प्रशासन ने वस्त्र दान और पुस्तक दान अभियान की शुरुआत की है। इस मौके पर उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि साल में दो बार ठंड और गर्मी के मौसम में यह अभियान चलाया जाएगा।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारी जगरनाथ महतो की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि टाइगर जगरनाथ महतो ने जल, जंगल, जमीन और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने उनके संघर्ष और जनसेवा को प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें अमर बताया।

*********समाप्त************